# Vedanta IAS Academy

**India's No.1 Institute For UPSC Exam**

Since:1997

**CIVIL SERVICES (PRELIMINARY) TEST SERIES - 2026**

**DO NOT OPEN THIS BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

"To watch the FREE Paper Discussion, visit our YouTube channel @VedantaIASAcademy or subscribe to our YouTube channel. For enquiries, contact: 9911753333."

Scan The QR Code for watch paper discussion

Test Booklet Series

**A**

Code : VIAS28

## Test 28
## GS (Full Length Test-5)

| Time Allowed : Two Hours | Maximum Marks : 200 |
|---|---|

UPSC ROLL NO: ................................................ REGISTRATION NO: ....................................

CANDIDATE NAME : .......................................... FATHER'S NAME : .........................................

SUBJECT/PAPER : ............................................ CONTACT NO ; .............................................

DATE : .......................... TIME : ............................ INVIGILATOR'S SIGNATURE

CANDIDATE SIGNATURE :

## GENERAL INSTRUCTIONS

1. Immediately after the commencement of the examination you should check that this test booklet does not have any unprinted or torn or missing pages or items, etc. If so get it replaced by a complete test booklet.
2. Please. note that it is the candidate's responsibility to encode and fill in the Roll Number and Test Booklet Series A, B, C or D carefully and without any omission or discrepancy at the appropriate places in the OMR Answer Sheet. Any omission/ discrepancy will render the Answer Sheet liable for rejection.
3. You have to enter your Roll Number (Registration No.) on the Test Booklet in the Box provided alongside this line. Do not write anything else on the Test Booklet, other than the marked items.
4. This Test Booklet contains 100 items (questions). Each question is printed both in Hindi and English. Each item comprises four responses (answers). You will select the response which you want to mark on the Answer Sheet. In case you feel that there is more than one correct response, mark the response which you consider the best. In any case, choose ONLY ONE response for each item.
5. You have to mark all your responses ONLY on the separate Answer Sheet provided. See directions in the Answer Sheet.
6. All items carry equal marks.
7. Before you proceed to mark in the Answer Sheet the response to various items on the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per instructions sent to you with your admission certificate.
8. After you have completed filling in all your responses on the Answer Sheet and examination has concluded. You should hand over to the invigilator only the Answer Sheet. You are permitted to take away with you the Test Booklet.
9. Sheets for rough work are appended in the Test Booklet at the end.
10. Penalty for wrong answers:

    There will be penalty for wrong answers marked by a candidate in the objective type question papers :-

    i. There are four alternatives for the answer to every question. For each question for which a wrong answer has been given by the candidate, One-Third of the marks assigned to that question will be deducted as penalty.

    ii. If a candidate gives more than one answer, it will be treated as a wrong answer even if one of the given answers happens to be correct and there will be same penalty as above to that question.

    iii. If a question is left blank, i.e. no answer is given by the candidate; there will be no penalty for that question.

**1.** In the context of the provisions and far-reaching effects of the Indian Councils Act, 1909 **(Morley-Minto Reforms)**, consider the following statements:

1. This Act increased the size of the Central and Provincial Legislative Councils, but it maintained an official majority in the Provincial Councils.
2. It gave statutory form to the principle of **'communal representation'** in India, under which Muslim members were to be elected only by Muslim voters.
3. Satyendra Prasad Sinha became the first Indian member to be appointed to the Viceroy's Executive Council, appointed as the Law Member.

Which of the statements given above is/are correct?
**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **3**
**(D)** **1**, **2**, and **3**

**2.** In the context of the constitutional and administrative provisions of the Government of India Act, 1919, consider the following statements:

1. This Act, for the first time, clearly separated Central and Provincial subjects, thereby completely ending central unitary control and laying the foundation of a federal structure.
2. Under **'Dyarchy'** implemented at the provincial level, **'Reserved'** subjects were administered by the Governor with the help of his Executive Council, which was not responsible to the Legislative Council.
3. It granted limited franchise to women and extended the principle of **'separate electorates'** for Sikhs, Indian Christians, and Anglo-Indians.
4. The Act provided for the establishment of a **'Public Service Commission'**, which was finally set up in **1926**.

How many of the statements given above are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**3.** In the context of the impact on the Indian economy during British rule, consider the following statements:

1. During the British period, the theory of **'Drain of Wealth'** meant only the export of raw materials and the import of manufactured goods, which did not include **'Home Charges'**.
2. The **'Permanent Settlement'** implemented by Lord Cornwallis made land a saleable property, which encouraged the practice of **'absentee landlordism'** in rural areas.
3. As a result of de-industrialization, the decline of Indian handicrafts not only increased urban unemployment but also led to an excessive burden of population on agriculture.
4. Due to **'commercial farming'**, the surplus production capacity of farmers increased, making them more capable of dealing with situations like famines.

How many of the statements given above are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**1.** भारतीय परिषद अधिनियम, 1909 **(मार्ले-मिंटो सुधार)** के प्रावधानों और उनके दूरगामी प्रभावों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस अधिनियम ने केंद्रीय और प्रांतीय विधान परिषदों के आकार में वृद्धि की, लेकिन इसने प्रांतीय परिषदों में आधिकारिक बहुमत को बनाए रखा।
2. इसने भारत में **'सांप्रदायिक प्रतिनिधित्व'** के सिद्धांत को वैधानिक रूप दिया, जिसके अंतर्गत मुस्लिम सदस्यों का चुनाव केवल मुस्लिम मतदाताओं द्वारा ही किया जाना था।
3. सत्येंद्र प्रसाद सिन्हा वायसराय की कार्यकारी परिषद में नियुक्त होने वाले प्रथम भारतीय सदस्य बने, जिन्हें विधि सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**2.** भारत सरकार अधिनियम, 1919 के संवैधानिक और प्रशासनिक प्रावधानों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस अधिनियम ने पहली बार केंद्रीय और प्रांतीय विषयों को स्पष्ट रूप से पृथक किया, जिससे केंद्र के एकात्मक नियंत्रण को पूर्णतः समाप्त कर संघीय संरचना की नींव रखी गई।
2. प्रांतीय स्तर पर लागू **'द्वैध शासन'** के अंतर्गत, **'आरक्षित'** विषयों का प्रशासन गवर्नर द्वारा अपनी कार्यकारी परिषद की सहायता से किया जाता था, जो विधान परिषद के प्रति उत्तरदायी नहीं थे।
3. इसने महिलाओं को सीमित मताधिकार किया और सिखों, भारतीय ईसाइयों तथा एंग्लो-इंडियन्स के लिए **'पृथक निर्वाचन मंडल'** के सिद्धांत का विस्तार किया।
4. इस अधिनियम द्वारा भारत में एक **'लोक सेवा आयोग'** के गठन का प्रावधान किया गया, जिसे अंततः **1926** में स्थापित किया गया।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**3.** ब्रिटिश शासन के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था पर पड़े प्रभावों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ब्रिटिश काल में **'धन के निष्कासन'** के सिद्धांत का अर्थ केवल कच्चे माल का निर्यात और निर्मित वस्तुओं का आयात था, जिसमें गृह प्रभार शामिल नहीं थे।
2. लॉर्ड कॉर्नवालिस द्वारा लागू **'इस्तमरारी बंदोबस्त'** ने भूमि को एक विक्रय योग्य संपत्ति बना दिया, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में **'अनुपस्थित जमींदारी'** की प्रथा को बढ़ावा मिला।
3. वि-औद्योगिकीकरण के परिणामस्वरूप भारतीय हस्तशिल्प के पतन ने न केवल शहरी बेरोजगारी को बढ़ाया, बल्कि कृषि पर जनसंख्या के अत्यधिक बोझ को भी जन्म दिया।
4. **'वाणिज्यिक खेती'** के कारण किसानों की अधिशेष उत्पादन क्षमता में वृद्धि हुई, जिससे वे अकाल जैसी स्थितियों से निपटने में अधिक सक्षम हो गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**4.** In the context of the causes of the decline of the Mughal Empire, consider the following statements:

1. Aurangzeb's Deccan policy not only emptied the royal treasury but also weakened the base of administration in North India.
2. The main reason for the **'Jagirdari crisis'** during the **18**th century was a sharp decline in agricultural production, due to which Mansabdars were not getting land allotted according to their income.
3. Nadir Shah's invasion permanently damaged the prestige of Mughal authority and exposed the vulnerability of the North-Western frontier.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **1** and **3**
**(D)** **1**, **2**, and **3**

**5.** In the context of the nature and organizational strategies of the Quit India Movement **(1942)**, consider the following statements:

1. During the movement, the parallel government **('Prati Sarkar')** established in **'Satara'** settled disputes through **'Nyayadan Mandals'** and conducted an effective governance system based on Gandhian principles.
2. The **'Azad Dasta'** formed under the leadership of Jayaprakash Narayan adopted guerrilla tactics with the primary goal of destroying the communication systems and railway tracks of British rule.
3. A notable feature of this movement was that the Communist Party of India **(CPI)** worked with the Congress to play a leading role in mobilizing public support through secret radio and journals.

How many of the statements given above are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**6.** In the context of the ideological and organizational form of the Rowlatt Satyagraha **(1919)**, consider the following statements:

1. For the conduct of the Rowlatt Satyagraha, Gandhiji formed the **'Satyagraha Sabha'**, in which he primarily used the network of young members and militant workers of the **'Home Rule League'**.
2. During this movement, Gandhiji not only opposed the British repressive law but also attempted for the first time to implement the principle of **'civil disobedience against unjust laws'** on an all-India level.
3. Seeing the violent nature of this movement against the Rowlatt Act, Gandhiji accepted it as his **'Himalayan Blunder'** and withdrew the movement in support of the collective resignation given by Indian members of the Viceroy's Legislative Council.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **1** and **3**
**(D)** **1**, **2**, and **3**

**4.** मुगल साम्राज्य के पतन के कारणों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. औरंगजेब की दक्कन नीति ने न केवल शाही खजाने को रिक्त कर दिया, बल्कि इसने उत्तर भारत में प्रशासन के आधार को भी कमजोर कर दिया।
2. **18**वीं शताब्दी के दौरान **'जागीरदारी संकट'** का मुख्य कारण कृषि उत्पादन में तीव्र गिरावट थी, जिसके कारण मंसबदारों को उनकी आय के अनुसार भूमि आवंटित नहीं हो पा रही थी।
3. नादिर शाह के आक्रमण ने मुगल सत्ता की प्रतिष्ठा को स्थायी रूप से क्षति पहुँचाई और उत्तर-पश्चिमी सीमा की सुभेद्यता को उजागर कर दिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**5.** भारत छोड़ो आंदोलन **(1942)** की प्रकृति और संगठनात्मक रणनीतियों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. आंदोलन के दौरान **'सतारा'** में स्थापित समानांतर सरकार **(प्रति सरकार)** ने **'न्यायदान मंडलों'** के माध्यम से विवादों का निपटारा किया और गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित प्रभावी शासन व्यवस्था का संचालन किया।
2. जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में गठित **'आजाद दस्ते'** ने छापामार रणनीति अपनाते हुए ब्रिटिश शासन के संचार तंत्र और रेल पटरियों को नष्ट करने को अपना मुख्य लक्ष्य बनाया था।
3. इस आंदोलन की एक उल्लेखनीय विशेषता यह थी कि इसमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी **(CPI)** ने कांग्रेस के साथ मिलकर गुप्त रेडियो और पत्रिकाओं के माध्यम से जनसमर्थन जुटाने में अग्रणी भूमिका निभाई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**6.** रौलट सत्याग्रह **(1919)** के वैचारिक और संगठनात्मक स्वरूप के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. रौलट सत्याग्रह के संचालन हेतु गांधीजी ने **'सत्याग्रह सभा'** का गठन किया था, जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से **'होम रूल लीग'** के युवा सदस्यों और जुझारू कार्यकर्ताओं के नेटवर्क का उपयोग किया।
2. इस आंदोलन के दौरान गांधीजी ने न केवल ब्रिटिश दमनकारी कानून का विरोध किया, बल्कि उन्होंने **'अन्यायपूर्ण कानूनों के प्रति सविनय अवज्ञा'** के सिद्धांत को पहली बार अखिल भारतीय स्तर पर क्रियान्वित करने का प्रयास किया।
3. रौलट एक्ट के विरुद्ध चल रहे इस आंदोलन के हिंसक स्वरूप को देखते हुए, गांधीजी ने इसे अपनी **'हिमालयी भूल'** स्वीकार किया और वायसराय की **'लेजिस्लेटिव काउंसिल'** के भारतीय सदस्यों द्वारा दिए गए सामूहिक इस्तीफे के समर्थन में आंदोलन वापस ले लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**7.** In the context of the Alipore Conspiracy Case **(1908)**, also known as the **'Manicktala Bomb Conspiracy'**, consider the following statements:

1. The case began after the failed attempt by Khudiram Bose and Prafulla Chaki to assassinate Douglas Kingsford, the District Magistrate of Muzaffarpur.
2. During the trial, Chittaranjan Das defended Aurobindo Ghosh, while the government witness Narendra Gosain was murdered inside the jail by Satyendra Nath Bose and Kanailal Dutt.
3. As a result of the Alipore Conspiracy Case, the **'Anushilan Samiti'** was declared an illegal organization and Aurobindo Ghosh retired from active politics to turn towards spiritual life.

Which of the statements given above is/are correct?
**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **1** and **3**
**(D)** **1**, **2**, and **3**

**8.** Consider the following pairs:

| Tribal Revolt | Main Cause / Feature |
|---|---|
| 1. Santhal Rebellion (1855-56): | Debt-trap and exploitation by outsiders (Dikus) and moneylenders. |
| 2. Munda Rebellion (1899-1900): | Erosion of the 'Khuntkatti' system of collective farming. |
| 3. Khond Rebellion (1846-1855): | Attempt by the government to ban the 'Meriah' (human sacrifice) practice. |
| 4. Rampa Rebellion (1922-24): | Restriction on the 'Podu' cultivation rights of tribals by the 'Madras Forest Act, 1882'. |

How many of the pairs given above are correctly matched?
**(A)** Only one pair
**(B)** Only two pairs
**(C)** Only three pairs
**(D)** All four pairs

**9.** In the context of institutions established for socio-political reforms in British India, consider the following pairs:

| Institution | Main Objective |
|---|---|
| 1. Poona Sarvajanik Sabha: | To protect the legal rights of farmers and send petitions to the government against the increase in land revenue. |
| 2. Satyashodhak Samaj: | To spread rational ideas and ensure education and social justice for oppressed castes and women. |
| 3. Servants of India Society: | To train national missionaries for the service of the country and make them aware of constitutional reforms. |
| 4. Servants of the People Society: | To prepare a group of public servants dedicated to social welfare works and the upliftment of marginalized sections. |

How many of the pairs given above are correctly matched?
**(A)** Only one pair
**(B)** Only two pairs
**(C)** Only three pairs
**(D)** All four pairs

**7.** अलीपुर षड्यंत्र केस **(1908)**, जिसे **'मानिकटोला बम षड्यंत्र'** के नाम से भी जाना जाता है, के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इस मामले की शुरुआत खुदीराम बोस और प्रफुल्ल चाकी द्वारा मुजफ्फरपुर के जिला मजिस्ट्रेट डगलस किंग्सफोर्ड की हत्या के असफल प्रयास के बाद हुई थी।
2. इस मुकदमे के दौरान चितरंजन दास ने अरबिंदो घोष का बचाव किया था, जबकि सरकारी गवाह नरेंद्र गोसाईं की जेल के भीतर ही सत्येंद्र नाथ बोस और कन्हाई लाल दत्त द्वारा हत्या कर दी गई थी।
3. अलीपुर षड्यंत्र केस के परिणामस्वरूप ही **'अनुशीलन समिति'** को एक अवैध संगठन घोषित कर दिया गया और अरबिंदो घोष ने सक्रिय राजनीति से संन्यास लेकर आध्यात्मिक जीवन की ओर रुख किया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**8.** निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| जनजातीय विद्रोह | मुख्य कारण / विशेषता |
|---|---|
| 1. संथाल विद्रोह (1855-56) | बाहरी लोगों (दीकुओं) और साहूकारों द्वारा ऋण-जाल एवं शोषण। |
| 2. मुंडा विद्रोह (1899-1900) | सामूहिक खेती की 'खूंटकट्टी' व्यवस्था का क्षरण। |
| 3. खोंड विद्रोह (1846-1855) | सरकार द्वारा 'मरिआह' (नरबलि) प्रथा पर प्रतिबंध लगाने का प्रयास। |
| 4. रम्पा विद्रोह (1922-24) | 'मद्रास वन अधिनियम, 1882' द्वारा आदिवासियों के पोडु खेती के अधिकारों पर प्रतिबंध। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?
**(A)** केवल एक युग्म
**(B)** केवल दो युग्म
**(C)** केवल तीन युग्म
**(D)** सभी चारों युग्म

**9.** ब्रिटिश भारत में सामाजिक-राजनीतिक सुधारों के लिए स्थापित संस्थाओं के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| संस्था | मुख्य कार्य / उद्देश्य |
|---|---|
| 1. पूना सार्वजनिक सभा | किसानों के कानूनी अधिकारों की रक्षा करना और सरकार को भू-राजस्व में वृद्धि के विरुद्ध याचिका देना। |
| 2. सत्यशोधक समाज | तर्कसंगत विचारों का प्रसार करना और शोषित जातियों व महिलाओं के लिए शिक्षा एवं सामाजिक न्याय सुनिश्चित करना। |
| 3. सर्वेंट्स ऑफ इंडिया सोसाइटी | देश की सेवा के लिए राष्ट्रीय मिशनरियों को प्रशिक्षित करना और उन्हें संवैधानिक सुधारों के प्रति जागरूक करना। |
| 4. सर्वेंट्स ऑफ द पीपल सोसाइटी | सामाजिक कल्याण कार्यों और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित लोक-सेवकों का एक समूह तैयार करना। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?
**(A)** केवल एक युग्म
**(B)** केवल दो युग्म
**(C)** केवल तीन युग्म
**(D)** सभी चारों युग्म

**10.** Consider the following institutions established in British India and their specific functions:

1. The Social Service League was founded by N.M. Joshi with the aim of spreading education, dispensaries, and libraries for the general public; it also played a significant role in forming **'Cooperative Credit Societies'** in Bombay.
2. The Indian Reform Association, established by Keshab Chandra Sen, primarily mobilized public opinion for the abolition of the **'Sati practice'** and edited the magazine **'Vamabodhini'** for women.
3. The Madras Mahajan Sabha, founded by M. Veeraraghavachari and G. Subramania Iyer, sent extensive representations to the government demanding the separation of the judiciary from local administration and the restructuring of agricultural loans.

Which of the statements given above is/are correct?
**(A)** Only **1**
**(B)** Only **1** and **3**
**(C)** Only **2** and **3**
**(D)** **1**, **2**, and **3**

**11.** Consider the musical instruments of India and their classification:

| Musical Instrument | Feature / Characteristic |
|---|---|
| 1. Mridangam: | Avanaddha Vadya; It is a double-faced drum, which is the primary rhythmic instrument of Carnatic music. |
| 2. Ghatam: | Ghana Vadya; It is an earthenware pot used solely for generating rhythm. |
| 3. Nagada: | Sushira Vadya; It is a massive drum used in ancient times for war declarations. |

How many of the pairs given above are correctly matched?
**(A)** Only one pair
**(B)** Only two pairs
**(C)** All three pairs
**(D)** None

**12.** In the context of Indian entries included in UNESCO's Representative List of the **'Intangible Cultural Heritage of Humanity'**, consider the following statements:

1. Koodiyattam is an ancient Sanskrit theatre of Kerala, where the language of performance is primarily Sanskrit, but **'Malayalam'** is used by the Vidushaka **(Jester)** so that the general public can understand the plot.
2. Sankirtana is a ritual singing, drumming, and dancing of Manipur, performed primarily by the Meitei community to depict various episodes of Vaishnavism.
3. Nowruz is primarily celebrated by the Parsi community in India and it astronomically coincides with the **'Vernal Equinox'**, marking the beginning of the New Year.
4. **Kalbelia:** In this dance of Rajasthan, only women play musical instruments **(such as the Pungi)**, while men perform as dancers.

How many of the statements/entries given above are correctly matched/true?
**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** Only three statements
**(D)** All four statements

**10.** ब्रिटिश भारत में स्थापित निम्नलिखित संस्थाओं और उनके विशिष्ट कार्यों के संदर्भ में विचार कीजिए:

1. सोशल सर्विस लीग की स्थापना एन.एम. जोशी द्वारा की गई थी, जिसका उद्देश्य आम जनता के लिए शिक्षा, औषधालय और पुस्तकालयों का प्रसार करना था, साथ ही इसने बॉम्बे में **'कोऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटीज'** के गठन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
2. इंडियन रिफॉर्म एसोसिएशन केशव चंद्र सेन द्वारा स्थापित इस संस्था ने मुख्य रूप से **'सती प्रथा'** के उन्मूलन के लिए जनमत तैयार किया और स्त्रियों के लिए **'बामबोधिनी'** पत्रिका का संपादन किया।
3. मद्रास महाजन सभा एम. वीर राघवाचारी और जी. सुब्रमण्यम अय्यर द्वारा स्थापित इस संस्था ने स्थानीय प्रशासन से न्यायपालिका को अलग करने और कृषि ऋणों के पुनर्गठन की मांग हेतु सरकार को व्यापक प्रतिवेदन भेजे थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1**
**(B)** केवल **1** और **3**
**(C)** केवल **2** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**11.** भारतीय संगीत के वाद्ययंत्रों और उनके वर्गीकरण पर विचार कीजिए:

| वाद्ययंत्र | विशेषता |
|---|---|
| 1. मृदंगम | अवनद्ध वाद्य यह एक दोहरे मुख वाला ढोल है, जो कर्नाटक संगीत का मुख्य लय वाद्य है। |
| 2. घटम | घन वाद्य यह मिट्टी का एक घड़ा है जिसका उपयोग केवल लय उत्पन्न करने हेतु किया जाता है। |
| 3. नगाड़ा | सुषिर वाद्य यह एक विशाल ढोल है जिसका उपयोग प्राचीन काल में युद्ध घोषणा हेतु किया जाता था। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?
**(A)** केवल एक युग्म
**(B)** केवल दो युग्म
**(C)** सभी तीनों युग्म
**(D)** कोई भी नहीं

**12.** UNESCO की **'मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत'** की प्रतिनिधि सूची में शामिल भारतीय प्रविष्टियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. कुटियाट्टम केरल का एक प्राचीन संस्कृत रंगमंच है, जिसमें प्रदर्शन की भाषा मुख्य रूप से संस्कृत होती है, लेकिन विदूषक द्वारा **'मलयालम'** का प्रयोग किया जाता है ताकि आम जनता कथावस्तु को समझ सके।
2. संकीर्तन मणिपुर का एक अनुष्ठानिक गायन, वादन और नृत्य है, जिसे मुख्य रूप से मैतेई समुदाय द्वारा वैष्णव धर्म के विभिन्न प्रसंगों को प्रदर्शित करने के लिए किया जाता है।
3. नवरोज़ भारत में मुख्य रूप से पारसी समुदाय द्वारा मनाया जाता है और यह खगोलीय रूप से **'वसंत विषुव'** के साथ मेल खाता है, जो नए साल की शुरुआत का प्रतीक है।
4. कालबेलिया राजस्थान के इस नृत्य में केवल महिलाएँ ही वाद्ययंत्र **(जैसे पुंगी)** बजाती हैं, जबकि पुरुष नर्तक के रूप में प्रदर्शन करते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही सुमेलित/सत्य हैं?
**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** केवल तीन कथन
**(D)** सभी चारों कथन

**13.** In the context of the historical development and characteristics of Indian mural paintings, consider the following statements:

1. In the paintings of Ajanta, the **'Fresco-secco'** technique was used, where colors were applied on dry plaster instead of wet plaster, and **'Jataka tales'** are primarily depicted.
2. The Badami caves located in Karnataka provide the earliest evidence of mural paintings related to **'Vaishnavism'** in India, developed under the patronage of the Chalukya king Mangalesha.
3. **Sittanavasal paintings:** These Jain caves of Tamil Nadu are famous for their **'ceiling paintings'**, depicting a Lotus Pond, which conceptually represents the scene of **'Samavasarana' (Jain holy assembly)**.
4. Recently, archaeologists discovered prehistoric **'cup-marks'** and rock paintings in the Mudumal region of **'Telangana'**, showing a link between Megalithic culture and astronomical observations.

How many of the statements given above are correct?

**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** Only three statements
**(D)** All four statements

**14.** In the context of the philosophical development and beliefs of different sects of Buddhism, consider the following statements:

1. Pratityasamutpada is the core philosophical principle of Buddhism which shows the **'cause-effect'** relationship and is considered the center of Buddha's teachings.
2. The Theravada sect follows the teachings of **'Vibhajjavada'** and regards Buddha as a Great Man, not as a deity.
3. According to Mahayana Buddhism, **'Avalokiteshvara'** is the symbol of compassion and does not attain Nirvana until he frees all living beings from suffering.
4. The Abhidhamma Pitaka contains a compilation of only the moral sermons of Buddha, while the philosophical analysis is given in the **'Sutta Pitaka'**.

How many of the statements given above are correct?

**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** Only three statements
**(D)** All four statements

**13.** भारतीय भित्ति चित्रकला के ऐतिहासिक विकास और उनकी विशिष्टताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अजंता की चित्रकला के चित्रों में **'फ्रेस्को सेको'** तकनीक का प्रयोग किया गया है, जहाँ गीले प्लास्टर के बजाय सूखे प्लास्टर पर रंगों का लेप लगाया जाता था, और मुख्य रूप से **'जातक कथाओं'** का अंकन किया गया है।
2. बादामी की गुफाएँ कर्नाटक में स्थित ये गुफाएँ भारत में **'वैष्णव धर्म'** से संबंधित प्राचीनतम भित्ति चित्रों का प्रमाण प्रस्तुत करती हैं, जो चालुक्य राजा मंगलेश के संरक्षण में विकसित हुईं।
3. सित्तनवासल चित्रकला तमिलनाडु की ये जैन गुफाएँ अपनी **'छत की चित्रकला'** के लिए प्रसिद्ध हैं, जहाँ कमल के तालाब का चित्रण किया गया है, जो वैचारिक रूप से **'समवसरण' (जैन पवित्र सभा)** के दृश्य को दर्शाता है।
4. हाल ही में पुरातत्वविदों ने **'तेलंगाना'** के मुदुमुल क्षेत्र में प्रागैतिहासिक **'कप-मार्क'** और शैल चित्रों की खोज की है, जो मेगालिथिक संस्कृति और खगोलीय प्रेक्षणों के बीच संबंध दर्शाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** केवल तीन कथन
**(D)** सभी चारों कथन

**14.** बौद्ध धर्म के दार्शनिक विकास और विभिन्न संप्रदायों की मान्यताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रतीत्यसमुत्पाद बौद्ध धर्म का मूल दार्शनिक सिद्धांत है जो **'कारण-कार्य'** के संबंध को दर्शाता है और इसे ही बुद्ध की शिक्षाओं का केंद्र माना जाता है।
2. थेरवाद संप्रदाय **'विभज्जवाद'** की शिक्षाओं का पालन करता है और बुद्ध को एक महापुरुष के रूप में मानता है, न कि एक देवता के रूप में।
3. महायान बौद्ध धर्म के अनुसार, **'अवलोकितेश्वर'** करुणा के प्रतीक हैं और वे तब तक निर्वाण प्राप्त नहीं करते जब तक कि वे सभी जीवित प्राणियों को कष्टों से मुक्त न कर दें।
4. अभिधम्म पिटक में बुद्ध के केवल नैतिक उपदेशों का संकलन है, जबकि दार्शनिक विश्लेषण **'सुत्त पिटक'** में दिया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** केवल तीन कथन
**(D)** सभी चारों कथन

**15.** In the context of town planning, economy, and artistic evidence of the Indus Valley Civilization, consider the following statements:

1. The most unique feature of Dholavira is its tripartite city planning, where the city was divided into **'Citadel'**, **'Middle Town'**, and **'Lower Town'**, along with an advanced series of massive reservoirs.
2. The Dockyard found at Lothal is not only considered the world's oldest artificial harbor but also **'Persian Gulf'** seals have been found here, confirming direct foreign trade relations.
3. The **'Unicorn'** is the most commonly depicted animal on Harappan seals, and their script was written in **'Boustrophedon'** style, which has not yet been fully deciphered.
4. Harappans were the first people in the world to produce cotton, and evidence from **'Kalibangan'** shows that they were familiar with the technique of growing two crops simultaneously in the same field **(Inter-cropping)**.

How many of the statements given above are correct?

**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** Only three statements
**(D)** All four statements

**16.** In the context of foreign travellers who visited the Vijayanagar Empire and their accounts, consider the following pairs:

| Traveller | Observation / Description |
|---|---|
| 1. Abdur Razzaq: | He described the seven-layered fortification of Vijayanagar and the enclosure of agricultural areas. |
| 2. Domingo Paes: | He described the personality of Krishnadevaraya, the prosperity of the markets of Vijayanagar, and the rituals of 'Mahanavami Dibba'. |
| 3. Fernao Nuniz: | He mentioned the active participation of women in various professions (such as wrestling, astrology, and accounting) in Vijayanagar. |

How many of the pairs given above are correctly matched?

**(A)** Only one pair
**(B)** Only two pairs
**(C)** All three pairs
**(D)** None

**15.** सिंधु घाटी सभ्यता के नगर नियोजन, अर्थव्यवस्था और कलात्मक साक्ष्यों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. धौलावीरा की सबसे अनूठी विशेषता इसकी त्रि-स्तरीय नगर योजना है, जहाँ नगर को **'दुर्ग'**, **'मध्यम नगर'** और **'निचला नगर'** में विभाजित किया गया था, साथ ही यहाँ विशाल जलाशयों की एक उन्नत श्रृंखला प्राप्त हुई है।
2. लोथल से प्राप्त गोदीवाड़ा न केवल विश्व का प्राचीनतम कृत्रिम बंदरगाह माना जाता है, बल्कि यहाँ से **'फारस की खाड़ी'** की मुहरें भी प्राप्त हुई हैं, जो प्रत्यक्ष विदेशी व्यापारिक संबंधों की पुष्टि करती हैं।
3. हड़प्पाई मुहरों पर सबसे अधिक **'एकश्रृंगी मृग'** का अंकन मिलता है, और इनकी लिपि **'बाउस्ट्रोफेडन'** शैली में लिखी जाती थी, जो अभी तक पूर्णतः पढ़ी नहीं जा सकी है।
4. हड़प्पावासी कपास का उत्पादन करने वाले विश्व के प्रथम लोग थे, और **'कालीबंगन'** से प्राप्त साक्ष्य यह दर्शाते हैं कि वे एक ही खेत में एक साथ दो फसलें उगाने की तकनीक से परिचित थे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** केवल तीन कथन
**(D)** सभी चारों कथन

**16.** विजयनगर साम्राज्य की यात्रा करने वाले विदेशी यात्रियों और उनके वृत्तांतों के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| यात्री | अवलोकन/विवरण |
|---|---|
| 1. अब्दुर रज्जाक | उसने विजयनगर के सात स्तरों वाले किलाबंदी और कृषि क्षेत्रों के घेराव का वर्णन किया है। |
| 2. डोमिंगो पेस | उसने कृष्णदेवराय के व्यक्तित्व और विजयनगर के बाजारों की समृद्धि एवं 'महानवमी डिब्बा' के अनुष्ठानों का वर्णन किया है। |
| 3. फर्नाओ नुनीज़ | उसने विजयनगर की महिलाओं की विभिन्न व्यवसायों (जैसे कुश्ती, ज्योतिष और लेखांकन) में सक्रिय भागीदारी का उल्लेख किया है। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?

**(A)** केवल एक युग्म
**(B)** केवल दो युग्म
**(C)** सभी तीनों युग्म
**(D)** कोई भी नहीं

**17.** In the context of Vijayanagar style architecture and the monuments of Hampi, consider the following statements:

1. The main feature of Vijayanagar temples was the construction of high **'Raya-gopurams'** and Kalyan Mandapams **(hall with carved pillars for marriage ceremonies)**.
2. The famous **'Stone Chariot'** located in the Vittala Temple complex is actually carved from a monolithic stone and is dedicated to Garuda, the vehicle of Lord Vishnu.
3. The water management system of Hampi was highly advanced, using the **'Kamalapur Tank'** and complex canals **(such as the Hiriya canal)** to bring water from the Tungabhadra river.

Which of the statements given above is/are correct?
**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **1** and **3**
**(D) 1**, **2**, and **3**

**18.** In the context of the religious and social policies of the Vijayanagar Empire, consider the following statements:

1. Although the rulers of Vijayanagar were staunch Vaishnavas, they considered **'Virupaksha' (a form of Shiva)** as their family deity and the words **'Sri Virupaksha'** were inscribed on their seals and orders.
2. The **'Vishishtadvaita'** ideology of Ramanuja had a deep impact on this empire, due to which caste rigidity was completely eliminated in society and lower castes had equal rights to high administrative posts.
3. Krishnadevaraya built the **'Krishnaswami Temple'** in Hampi to commemorate his victory over the **'Gajapati'** rulers and installed the idol of Balakrishna brought from Udayagiri there.

Which of the statements given above is/are correct?
**(A)** Only **1** and **2**
**(B)** Only **2** and **3**
**(C)** Only **1** and **3**
**(D) 1**, **2**, and **3**

**19.** In the context of women's reform movements of the 19th and 20th centuries and their related literature, consider the following statements:

1. Tarabai Shinde wrote the book **'Stri-Purush Tulana' (1882)**, in which she sharply criticized the social status of upper-caste women and the patriarchal system.
2. Pandita Ramabai established the **'Arya Mahila Samaj'** and highlighted the oppression of women within Hinduism through her book **'The High Caste Hindu Woman'**.
3. Mumtaz Ali argued for women's education and their equal rights by reinterpreting verses of the Quran, which was opposed by many conservative sections.
4. Rokeya Sakhawat Hussain wrote a feminist science fiction titled **'Sultana**'s Dream', in which she imagined a society where women were in power and men lived in **'purdah'**.

How many of the statements given above are correct?
**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** Only three statements
**(D)** All four statements

**17.** विजयनगर शैली की वास्तुकला और हम्पी के स्मारकों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. विजयनगर के मंदिरों की मुख्य विशेषता ऊंचे **'राय-गोपुरम'** और कल्याण मंडपम **(विवाह उत्सवों के लिए अलंकृत स्तंभों वाले हॉल)** का निर्माण था।
2. विट्ठल मंदिर परिसर में स्थित प्रसिद्ध **'पत्थर का रथ'** वास्तव में एक अखंड पत्थर से तराशा गया है और यह भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ को समर्पित है।
3. हम्पी की जल प्रबंधन प्रणाली अत्यधिक उन्नत थी, जिसमें तुंगभद्रा नदी से पानी लाने के लिए **'कमलापुर टैंक'** और जटिल नहरों **(जैसे हिरिया नहर)** का उपयोग किया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D) 1**, **2** और **3**

**18.** विजयनगर साम्राज्य की धार्मिक और सामाजिक नीतियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. विजयनगर के शासक यद्यपि कट्टर वैष्णव थे, परंतु उन्होंने **'विरुपाक्ष' (शिव का एक रूप)** को अपना कुलदेवता माना और उनके शासन की मुहरों एवं आदेशों पर **'श्री विरुपाक्ष'** शब्द अंकित होता था।
2. **'रामानुज'** की विशिष्टाद्वैत विचारधारा का इस साम्राज्य पर गहरा प्रभाव था, जिसके कारण समाज में जातिगत कठोरता पूरी तरह समाप्त हो गई थी और निम्न जातियों को प्रशासन के उच्च पदों पर समान अधिकार प्राप्त थे।
3. कृष्णदेवराय ने अपने शासनकाल के दौरान **'गजापति'** शासकों के विरुद्ध विजय के उपलक्ष्य में हम्पी में **'कृष्णस्वामी मंदिर'** का निर्माण करवाया और वहाँ उदयगिरि से लाई गई बालकृष्ण की मूर्ति स्थापित की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?
**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D) 1**, **2** और **3**

**19.** 19वीं और 20वीं शताब्दी के महिला सुधार आंदोलनों और उनसे संबंधित साहित्य के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ताराबाई शिंदे ने **'स्त्री-पुरुष तुलना' (1882)** नामक पुस्तक लिखी, जिसमें उन्होंने उच्च जाति की महिलाओं की सामाजिक स्थिति और पितृसत्तात्मक व्यवस्था की तीव्र आलोचना की थी।
2. पंडिता रमाबाई ने **'आर्य महिला समाज'** की स्थापना की और अपनी पुस्तक **'द हाई कास्ट हिंदू वुमन'** के माध्यम से हिंदू धर्म के भीतर महिलाओं के प्रति उत्पीड़न को उजागर किया।
3. मुमताज अली ने कुरान की आयतों का पुनर्व्याख्या करते हुए महिलाओं की शिक्षा और उनके समान अधिकारों के लिए तर्क दिया, जिसका कई रूढ़िवादी वर्गों ने विरोध किया था।
4. रुकैया सखावत हुसैन ने **'सुल्ताना का सपना'** नामक एक नारीवादी विज्ञान कथा लिखी, जिसमें उन्होंने एक ऐसे समाज की कल्पना की जहाँ महिलाएं सत्ता में थीं और पुरुष **'परदे'** में रहते थे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** केवल तीन कथन
**(D)** सभी चारों कथन

**20.** Doctrine of Due Process and the Philosophy of Life and Personal Liberty

**With reference to the judicial development of the protection of 'life and personal liberty' under Article 21 of the Indian Constitution, consider the following statements:**

1. In the case of A.K. Gopalan v. State of Madras, the Supreme Court adopted a narrow interpretation of Article **21** and held that the phrase **'Procedure Established by Law'** does not automatically include the elements of Natural Justice.
2. After the landmark judgment of Maneka Gandhi Case, **978**, any law depriving a person of liberty under Article **21** must not only follow the established procedure but must also satisfy the test of reasonableness under Articles **14** and **19**.
3. According to the present constitutional position, the Indian judiciary can review procedural law on the ground that such law must be just, fair and reasonable.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**21.** With reference to the complex nature of writs issued by courts under Articles 32 and 226, consider the following statements:

1. The writ of Mandamus cannot be issued when the nature of duty is discretionary rather than mandatory; it also does not apply against the President of India or the Governors of States in the exercise of their powers.
2. Unlike other writs, in the case of Quo Warranto, it is not necessary for the petitioner to be directly an aggrieved person; any interested citizen can file it to challenge the illegal occupation of a public office.
3. The writ jurisdiction of the Supreme Court under Article **32** is limited only to fundamental rights, whereas the jurisdiction of High Courts under Article **226** extends to legal rights as well.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** All three statements
**(D)** None

**20.** विधि की उचित प्रक्रिया और प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता का दर्शन

**भारतीय संविधान के अनुच्छेद 21 के अंतर्गत 'प्राण और दैहिक स्वतंत्रता के संरक्षण' के न्यायिक विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**

1. **'ए.के. गोपालन बनाम मद्रास राज्य'** मामले में उच्चतम न्यायालय ने अनुच्छेद **21** की संकुचित व्याख्या करते हुए यह प्रतिपादित किया कि **'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया'** में **'प्राकृतिक न्याय'** के तत्व स्वतः समाहित नहीं होते हैं।
2. **1978** के मेनका गांधी मामले के ऐतिहासिक निर्णय के पश्चात, अनुच्छेद **21** के तहत किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता छीनने वाली विधि न केवल स्थापित प्रक्रिया के अनुरूप होनी चाहिए, बल्कि उसे अनुच्छेद **14** और **19** की **'उचितता'** की कसौटी पर भी खरा उतरना अनिवार्य है।
3. वर्तमान संवैधानिक स्थिति के अनुसार, भारतीय न्यायपालिका **'प्रक्रियात्मक कानून'** की समीक्षा इस आधार पर भी कर सकती है कि वह कानून **'न्यायपूर्ण, निष्पक्ष और अयुक्तियुक्त'**) है या नहीं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**21.** अनुच्छेद 32 और 226 के तहत न्यायालयों द्वारा जारी की जाने वाली रिटों की जटिल प्रकृति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. परमादेश रिट तब जारी नहीं की जा सकती जब कर्तव्य की प्रकृति **'विवेकाधीन'** हो, न कि **'बाध्यकारी'**; साथ ही यह भारत के राष्ट्रपति या राज्यों के राज्यपालों के विरुद्ध उनके पद की शक्तियों के प्रयोग हेतु लागू नहीं होती है।
2. अन्य रिटों के विपरीत, अधिकार-पृच्छा के लिए याचिकाकर्ता का सीधे तौर पर **'पीड़ित व्यक्ति'** होना अनिवार्य नहीं है; कोई भी इच्छुक नागरिक सार्वजनिक पद के अवैध कब्जे को चुनौती देने के लिए इसे दायर कर सकता है।
3. उच्चतम न्यायालय का रिट क्षेत्राधिकार अनुच्छेद **32** के तहत केवल **'मौलिक अधिकारों'** तक सीमित है, जबकि उच्च न्यायालयों का अनुच्छेद **226** के तहत अधिकार क्षेत्र **'कानूनी अधिकारों'** के लिए भी विस्तृत है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** सभी तीनों कथन
**(D)** कोई भी नहीं

**22.** With reference to the classification of Directive Principles of State Policy **(DPSP)** and the constitutional position after the Kesavananda Bharati case, consider the following statements:

1. While Articles **39(b)** and **39(c)** aim to establish a socialist democracy through equitable distribution of resources, Article **44 (Uniform Civil Code)** is inspired by Western liberal-intellectual ideology, and its implementation is an expectation, not a compulsion, for the state.
2. Although DPSPs are not enforceable by courts, Article **37** states that they are fundamental in the governance of the country, and it is the duty of the state to apply them in law-making.
3. According to the Minerva Mills case, Parliament's power to amend the Constitution is itself limited, and giving absolute primacy to Directive Principles over Fundamental Rights would destroy the balance of the basic structure of the Constitution.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**23.** With reference to the proclamation of President's Rule under Article 356 of the Indian Constitution and its duration, consider the following statements:

1. The proclamation of President's Rule must be approved by both Houses of Parliament within two months from the date of its issuance; otherwise, it ceases to operate automatically.
2. If both Houses of Parliament approve the proclamation, President's Rule continues for six months from the date of its approval by Parliament.
3. If the proclamation is issued when the Lok Sabha is dissolved, it remains in force for **30** days from the first sitting of the reconstituted Lok Sabha, provided the Rajya Sabha has approved it in the meantime.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**22.** राज्य के नीति निदेशक तत्वों के वर्गीकरण और **'केशवानंद भारती'** के बाद की संवैधानिक स्थिति पर विचार कीजिए:

1. जहाँ अनुच्छेद **39(b)** और **39(c)** संसाधनों के न्यायसंगत वितरण के माध्यम से समाजवादी लोकतंत्र की स्थापना करते हैं, वहीं अनुच्छेद **44 (समान नागरिक संहिता) 'पश्चिमी उदारवादी-बौद्धिक'** विचारधारा से प्रेरित है, जिसे पूर्णतः लागू करना राज्य के लिए **'अपेक्षा'** है, **'अनिवार्यता'** नहीं।
2. यद्यपि DPSP न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं हैं, तथापि अनुच्छेद **37** के अनुसार ये **'देश के शासन में मूलभूत'** हैं और विधि निर्माण में इनका प्रयोग करना राज्य का कर्तव्य है।
3. **'मिनर्वा मिल्स'** मामले के अनुसार, संसद की संविधान में संशोधन करने की शक्ति स्वयं में **'सीमित'** है, और मौलिक अधिकारों के ऊपर निदेशक तत्वों को पूर्ण वरीयता देना संविधान के **'बुनियादी ढांचे'** के संतुलन को नष्ट करना माना जाएगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**23.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 356 के तहत **'राष्ट्रपति शासन'** की उद्घोषणा और उसकी कार्यावधि के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा जारी होने की तिथि से दो माह के भीतर संसद के दोनों सदनों द्वारा इसका अनुमोदन किया जाना अनिवार्य है, अन्यथा यह स्वतः समाप्त हो जाती है।
2. यदि संसद के दोनों सदनों द्वारा उद्घोषणा का अनुमोदन कर दिया जाता है, तो राष्ट्रपति शासन संसद द्वारा पारित होने की तिथि से छह माह तक जारी रहता है।
3. यदि राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा उस समय की जाती है जब लोकसभा विघटित हो, तो यह उद्घोषणा पुनर्गठित लोकसभा की पहली बैठक से **30** दिनों तक बनी रहती है, बशर्ते कि इस बीच राज्यसभा ने इसे अनुमोदित कर दिया हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**24.** With reference to the Electoral College of the President of India and the election process, consider the following statements:

1. The Electoral College of the President consists of all elected and nominated members of both Houses of Parliament, and only the elected members of the Legislative Assemblies of States and Union Territories **(Delhi, Puducherry and Jammu & Kashmir)**.
2. According to the Constitution, there must be uniformity in the scale of representation of different states in the election of the President, for which the value of votes is calculated on the basis of the **1971** Census.
3. If the Legislative Assembly of a state is dissolved at the time of the Presidential election, the former MLAs of that state are eligible to vote so that the state continues to be represented.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one statement
**(B)** Only two statements
**(C)** All three statements
**(D)** None

**24.** भारत के राष्ट्रपति के **'निर्वाचक मंडल'** और उनकी चुनाव प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राष्ट्रपति के निर्वाचक मंडल में संसद के दोनों सदनों के सभी निर्वाचित और मनोनीत सदस्य, तथा राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों **(दिल्ली, पुडुचेरी और जम्मू-कश्मीर)** की विधानसभाओं के केवल निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं।
2. संविधान के अनुसार, राष्ट्रपति के निर्वाचन में विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधित्व के पैमाने में एकरूपता होनी चाहिए, जिसके लिए **'मत मूल्य'** की गणना **1971** की जनगणना के आधार पर की जाती है।
3. यदि राष्ट्रपति के चुनाव के समय किसी राज्य की विधानसभा विघटित हो, तो उस राज्य के पूर्व विधायक राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने के पात्र होते हैं ताकि राज्य का प्रतिनिधित्व बना रहे।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक कथन
**(B)** केवल दो कथन
**(C)** सभी तीनों कथन
**(D)** कोई भी नहीं

**25.** With reference to the duties of the Prime Minister under Article 78 of the Indian Constitution and his relationship with the President, consider the following statements:

1. It is the constitutional duty of the Prime Minister to communicate to the President all decisions of the Council of Ministers relating to the administration of the Union and proposals for legislation.
2. The President has the right to seek any information regarding the administration of the Union or legislative proposals, and the Prime Minister is bound to provide it.
3. If the President so directs, the Prime Minister must place before the Council of Ministers any matter on which a minister has taken a decision individually but which has not been considered by the entire Council.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**25.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 78 के अंतर्गत **'प्रधानमंत्री के कर्तव्यों'** और राष्ट्रपति के साथ उनके संबंधों के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रधानमंत्री का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वह संघ के प्रशासन संबंधी कार्यों और विधान के प्रस्तावों से संबंधित मंत्रिपरिषद के सभी निर्णयों की सूचना राष्ट्रपति को स्वयं प्रेषित करे।
2. राष्ट्रपति के पास यह अधिकार सुरक्षित है कि वह संघ के प्रशासन या विधायी प्रस्तावों के संबंध में ऐसी किसी भी जानकारी की मांग कर सकता है जिसे वह आवश्यक समझे, और प्रधानमंत्री इसे प्रदान करने के लिए बाध्य है।
3. यदि राष्ट्रपति ऐसा निर्देश दे, तो प्रधानमंत्री को किसी ऐसे विषय को मंत्रिपरिषद के समक्ष विचार के लिए रखना अनिवार्य है, जिस पर किसी मंत्री ने व्यक्तिगत रूप से निर्णय ले लिया हो, परंतु जिस पर संपूर्ण मंत्रिपरिषद ने विचार न किया हो।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**26.** With reference to the **'Shadow Cabinet'**, a distinctive institution of the British parliamentary model, consider the following statements and examine its relevance in the Indian governance system:

1. The primary objective of the Shadow Cabinet is to closely monitor the functioning of each government department and act as a government-in-waiting in case of a change of power.
2. Article **75** of the Indian Constitution, which deals with the collective responsibility of the Council of Ministers, indirectly obligates the opposition to form a Shadow Cabinet.
3. Despite the Leader of the Opposition being given statutory recognition in India, the absence of a Shadow Cabinet at the Union level is considered one of the major reasons for the lack of subject-specific expertise in parliamentary debates.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** only
**(B)** **1** and **3** only
**(C)** **2** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**27.** With reference to the constitutional and statutory status of the Leader of the Opposition **(LoP)** in India, consider the following statements:

1. The office of the Leader of the Opposition is not mentioned in the original Constitution of India, nor has it been given constitutional status through a constitutional amendment; it is entirely statutory in nature.
2. According to the Salary and Allowances of Leaders of Opposition in Parliament Act, **1977**, the LoP is the leader of the party whose strength is equal to at least one-tenth of the total strength of the House.
3. The LoP is not merely a position within the House but is also a mandatory member of the selection committees for the appointment of heads of important statutory bodies such as the CBI Director, Central Vigilance Commissioner **(CVC)**, and Lokpal.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**26.** ब्रिटिश संसदीय मॉडल की विशिष्ट संस्था **'शैडो कैबिनेट'** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए और भारतीय शासन प्रणाली में इसकी प्रासंगिकता का परीक्षण कीजिए:

1. शैडो कैबिनेट का प्राथमिक उद्देश्य सरकार के प्रत्येक विभाग के कार्यों की सूक्ष्म निगरानी करना और भविष्य में सत्ता परिवर्तन की स्थिति में एक **'प्रतीक्षारत सरकार'** के रूप में कार्य करना है।
2. भारतीय संविधान का अनुच्छेद **75**, जो मंत्रिपरिषद के सामूहिक उत्तरदायित्व की बात करता है, अप्रत्यक्ष रूप से विपक्ष को शैडो कैबिनेट के गठन के लिए संवैधानिक रूप से बाध्य करता है।
3. भारत में **'विपक्ष के नेता'** को वैधानिक मान्यता प्राप्त होने के बावजूद, केंद्र स्तर पर शैडो कैबिनेट का अभाव संसदीय बहसों में **'विषय-विशिष्ट विशेषज्ञता'** की कमी का एक प्रमुख कारण माना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1**
**(B)** केवल **1** और **3**
**(C)** केवल **2** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**27.** भारत में **'विपक्ष के नेता'** **(LoP)** के पद की संवैधानिक एवं वैधानिक स्थिति के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. **'विपक्ष के नेता'** का पद भारत के मूल संविधान में वर्णित नहीं है, और न ही इसे संविधान संशोधन द्वारा संवैधानिक दर्जा प्रदान किया गया है; यह पद पूरी तरह से वैधानिक है।
2. **'संसद में विपक्ष के नेता के वेतन और भत्ता अधिनियम, 1977'** के अनुसार, LoP वह सदस्य होता है जो उस दल का नेता हो जिसकी संख्या सदन की कुल संख्या के कम से कम दसवें हिस्से के बराबर हो।
3. LoP केवल सदन के भीतर एक पद नहीं है, बल्कि वह CBI निदेशक, केंद्रीय सतर्कता आयुक्त **(CVC)** और लोकपाल जैसे महत्वपूर्ण वैधानिक निकायों के प्रमुखों की चयन समितियों का एक अनिवार्य सदस्य होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**28.** With reference to the procedure for the removal of a judge of the Supreme Court or a High Court in India, consider the following statements:

1. A motion for the removal of a judge may be introduced in either House of Parliament, but the Speaker of the Lok Sabha or the Chairman of the Rajya Sabha has the discretionary power to either admit or reject the motion.
2. If the motion is admitted, the presiding officer constitutes a three-member committee, which must include a judge of the Supreme Court, a Chief Justice of a High Court, and a distinguished jurist.
3. The motion for removal must be passed by a special majority, and if the motion remains pending due to the dissolution of the Lok Sabha, it does not lapse contrary to the general rules of Article **107**, and continues in the next Lok Sabha.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**29.** With reference to the role of the Pro-tem Speaker of the Lok Sabha and the privileges of Members of Parliament, consider the following statements:

1. For presiding over the first sitting of the newly elected Lok Sabha, the President appoints the senior-most member of the House as the Pro-tem Speaker, and according to the Constitution the President himself administers the oath of office to him.
2. The Pro-tem Speaker has limited powers compared to the permanent Speaker; he is confined only to administering the oath to new members and conducting the election of the new Speaker, and he cannot exercise a casting vote in the House.
3. Under Article **105**, any Member of Parliament enjoys immunity from arrest in civil cases during the session of Parliament and **40** days before and after the session, but there is no immunity in criminal cases or preventive detention.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**28.** भारत में उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय के किसी न्यायाधीश को उसके पद से हटाए जाने की प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव संसद के किसी भी सदन में पेश किया जा सकता है, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष या राज्यसभा के सभापति के पास यह विवेकाधीन शक्ति है कि वे उस प्रस्ताव को स्वीकार करें या अस्वीकार कर दें।
2. यदि प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाता है, तो अध्यक्ष द्वारा तीन सदस्यीय समिति का गठन किया जाता है, जिसमें अनिवार्य रूप से उच्चतम न्यायालय का एक न्यायाधीश, किसी उच्च न्यायालय का एक मुख्य न्यायाधीश और एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता शामिल होने चाहिए।
3. न्यायाधीश को हटाने का प्रस्ताव **'विशेष बहुमत'** द्वारा पारित होना चाहिए, और यदि लोकसभा के विघटन के कारण यह प्रस्ताव लंबित रहता है, तो यह **'अनुच्छेद 107'** के सामान्य नियमों के विपरीत व्यपगत नहीं होता है और अगली लोकसभा में जारी रहता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**29.** लोकसभा के **'प्रोटेम स्पीकर'** की भूमिका और सांसदों के **'विशेषाधिकारों'** के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. नवनिर्वाचित लोकसभा की पहली बैठक की अध्यक्षता हेतु राष्ट्रपति द्वारा सदन के **'वरिष्ठतम सदस्य'** को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया जाता है, और संविधान के अनुसार राष्ट्रपति स्वयं उसे पद की शपथ दिलाते हैं।
2. प्रोटेम स्पीकर के पास स्थायी अध्यक्ष की तुलना में सीमित शक्तियाँ होती हैं; वह केवल नए सदस्यों को शपथ दिलाने और नए अध्यक्ष के चुनाव के संचालन तक ही सीमित रहता है और सदन में **'निर्णायक मत'** का प्रयोग नहीं कर सकता।
3. अनुच्छेद **105** के तहत, किसी भी सांसद को संसद के सत्र के दौरान और सत्र शुरू होने से **40** दिन पहले या बाद तक केवल **'दीवानी मामलों'** में गिरफ्तारी से छूट प्राप्त है, लेकिन आपराधिक मामलों या निवारक निरोध में कोई छूट नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**30.** With reference to the constitutional procedure for the removal of the Speaker of the Lok Sabha, consider the following statements:

1. A resolution for the removal of the Speaker can be introduced only in the Lok Sabha, and it must be supported by at least **50** members in order to be admitted for discussion in the House.
2. The removal of the Speaker requires an effective majority of the House, which means more than **50**% of the total membership of the House after excluding vacancies.
3. When a resolution for the removal of the Speaker is under consideration in the House, he can neither preside over the House nor participate in any proceedings of the House until the final decision on the resolution is taken.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**31.** With reference to the legislative and administrative relations between the Centre and the States, consider the following statements:

1. If both the Centre and a State legislate on a subject in the Concurrent List, and the state law has received the President's assent, it will prevail in that state over the central law, provided that Parliament may subsequently override it by enacting another law.
2. Under Articles **256** and **257**, the Union Government can issue administrative directions to states, and if a state fails to comply with such directions, the President may treat it as a failure of constitutional machinery under Article **365** and take action under Article **356**.
3. Parliament may directly delegate its legislative powers to a state government, whereas the President requires the consent of the state government to transfer such powers.

Which of the statements given above is/are correct?

**(A)** **1** and **2** only
**(B)** **2** and **3** only
**(C)** **1** and **3** only
**(D)** **1**, **2** and **3**

**30.** लोकसभा अध्यक्ष को उनके पद से हटाए जाने की संवैधानिक प्रक्रिया के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. अध्यक्ष को हटाने का संकल्प केवल लोकसभा में ही पेश किया जा सकता है, और इसके लिए कम से कम **50** सदस्यों का समर्थन प्राप्त होना अनिवार्य है ताकि इसे सदन में चर्चा हेतु स्वीकार किया जा सके।
2. अध्यक्ष को हटाने के लिए सदन के **'प्रभावी बहुमत'** की आवश्यकता होती है, जिसका अर्थ है सदन की कुल सदस्य संख्या में से रिक्तियों को घटाकर प्राप्त संख्या का **50**% से अधिक मत।
3. जब अध्यक्ष को हटाने का प्रस्ताव सदन में विचाराधीन हो, तो वह न तो सदन की अध्यक्षता कर सकता है और न ही सदन की किसी कार्यवाही में भाग ले सकता है, जब तक कि उस प्रस्ताव पर अंतिम निर्णय न हो जाए।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**31.** केंद्र-राज्य विधायी एवं प्रशासनिक संबंधों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यदि समवर्ती सूची के किसी विषय पर केंद्र और राज्य दोनों ने कानून बनाया है और राज्य का कानून राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त कर चुका है, तो वह उस राज्य में केंद्रीय कानून पर प्रभावी होगा, बशर्ते संसद बाद में उस पर पुनः कानून बनाकर उसे निरस्त न कर दे।
2. अनुच्छेद **256** और **257** के अंतर्गत केंद्र सरकार राज्यों को प्रशासनिक निर्देश दे सकती है, और यदि राज्य इन निर्देशों का पालन करने में विफल रहता है, तो राष्ट्रपति इसे **'संवैधानिक तंत्र की विफलता' (अनुच्छेद 365)** मानकर अनुच्छेद **356** के तहत कार्रवाई कर सकते हैं।
3. संसद अपनी विधायी शक्ति को सीधे तौर पर किसी राज्य सरकार को प्रत्यायोजित कर सकती है, जबकि राष्ट्रपति को ऐसी शक्ति हस्तांतरित करने के लिए राज्य सरकार की सहमति की आवश्यकता होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

**(A)** केवल **1** और **2**
**(B)** केवल **2** और **3**
**(C)** केवल **1** और **3**
**(D)** **1**, **2** और **3**

**32.** With reference to the State Finance Commission **(SFC)** established under Articles 243-I and 243-Y of the Constitution of India, consider the following statements:

1. The State Finance Commission is a constitutional body constituted by the Governor of the State every five years, to recommend the distribution of the net proceeds of taxes, duties and fees collected by the State between the State Government and the local bodies **(Panchayats and Municipalities)**.
2. The Central Finance Commission constituted under Article **280** has the constitutional duty to make recommendations to the President regarding measures to augment the Consolidated Fund of the State based on the recommendations of the State Finance Commission.
3. The Constitution clearly defines the qualifications and the method of selection of members of the State Finance Commission to ensure its political autonomy and expertise.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**32.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-I और 243-Y के अंतर्गत स्थापित **'राज्य वित्त आयोग'** **(SFC)** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्य वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है जिसका गठन प्रत्येक पाँच वर्ष में राज्य के राज्यपाल द्वारा किया जाता है, ताकि राज्य द्वारा एकत्रित करों, शुल्कों और जुर्मानों के शुद्ध आगम को राज्य सरकार और स्थानीय निकायों **(पंचायतों व नगरपालिकाओं)** के बीच वितरित किया जा सके।
2. अनुच्छेद **280** के तहत गठित केंद्रीय वित्त आयोग का यह संवैधानिक कर्तव्य है कि वह राज्य वित्त आयोग द्वारा की गई सिफारिशों के आधार पर राज्य की संचित निधि को सुदृढ़ करने के उपायों के बारे में राष्ट्रपति को सुझाव दे।
3. संविधान राज्य वित्त आयोग के सदस्यों की अर्हता और चयन की विधि को स्पष्ट रूप से परिभाषित करता है, ताकि इसकी राजनीतिक स्वायत्तता और विशेषज्ञता सुनिश्चित की जा सके।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**33.** With reference to the Tenth Schedule **(Anti-Defection Law)** added by the 52nd Constitutional Amendment Act, 1985, consider the following statements:

1. If an independent elected member joins a political party after becoming a member of the House, he becomes disqualified for membership of the House.
2. If a nominated member of the House joins a political party within six months of taking oath, his membership will be cancelled.
3. The decision on questions of disqualification on the ground of defection is made by the Speaker or Chairman of the House, and according to the Constitution their decision cannot be challenged in any court.
4. According to the present provisions, if one-third members of a party leave the party together and form a new group, it will not be considered defection and they will be exempted from disqualification.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**33.** 52वें संविधान संशोधन अधिनियम, 1985 द्वारा जोड़ी गई **'दसवीं अनुसूची'** **(दल-बदल विरोधी कानून)** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यदि कोई निर्दलीय निर्वाचित सदस्य सदन का सदस्य बनने के पश्चात किसी राजनीतिक दल में शामिल हो जाता है, तो वह सदन की सदस्यता के लिए अयोग्य हो जाता है।
2. सदन का कोई मनोनीत सदस्य यदि शपथ लेने के छह माह के भीतर किसी राजनीतिक दल में शामिल होता है, तो उसकी सदस्यता रद्द कर दी जाती है।
3. दल-बदल के आधार पर अयोग्यता के प्रश्नों का निर्णय सदन के अध्यक्ष या सभापति द्वारा किया जाता है, और संविधान के अनुसार उनके इस निर्णय को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।
4. वर्तमान प्रावधानों के अनुसार, यदि किसी दल के एक-तिहाई सदस्य एक साथ दल छोड़ते हैं और एक नया समूह बनाते हैं, तो इसे दल-बदल नहीं माना जाएगा और उन्हें अयोग्यता से छूट प्राप्त होगी।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**34.** With reference to the State Election Commission **(SEC)** under Articles 243-K and 243-ZA of the Constitution of India, consider the following statements:

1. The conditions of service and tenure of the State Election Commissioner are determined by the State Legislature, but after appointment no disadvantageous change can be made, and he can be removed only in the same manner as a judge of a High Court.
2. The superintendence, direction and control of the preparation of electoral rolls and the conduct of elections to Panchayats and Municipalities is vested in the State Election Commission, and in this process the Commission is bound to follow the directions of the Election Commission of India **(ECI)**.
3. According to the Constitution, the delimitation of constituencies or allotment of seats for Panchayats made by the State Election Commission cannot be challenged in any court.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**35.** With reference to the concept of Judicial Review in India and its development, consider the following statements:

1. Article **13** of the Indian Constitution empowers the judiciary to review legislative enactments and executive orders, although the term **'Judicial Review'** is nowhere explicitly mentioned in the Constitution.
2. According to the historic judgment in the I.R. Coelho case, any law inserted into the Ninth Schedule after **24** April **1973** can be subjected to judicial review on the ground that it violates the Basic Structure of the Constitution.
3. The scope of judicial review in India is wider than that in the United States because the Indian Constitution is based on the principle of **'Due Process of Law'** rather than **'Procedure Established by Law'**.
4. According to the Minerva Mills case, the power of judicial review is a basic feature of the Constitution, and Parliament cannot limit or abolish it even while exercising its amending power under Article **368**.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**34.** भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-K और 243-ZA के अंतर्गत **'राज्य निर्वाचन आयोग'** **(SEC)** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्य निर्वाचन आयुक्त की सेवा शर्तें और पदावधि राज्य विधानमंडल द्वारा निर्धारित की जाती हैं, परंतु उसकी नियुक्ति के पश्चात उनमें कोई भी **'अलाभकारी परिवर्तन'** नहीं किया जा सकता और उसे केवल उसी रीति से हटाया जा सकता है जैसे किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को।
2. पंचायतों और नगरपालिकाओं के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची तैयार करने का **'अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण'** राज्य निर्वाचन आयोग में निहित है, और इस प्रक्रिया में आयोग केंद्रीय निर्वाचन आयोग **(ECI)** के निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य है।
3. संविधान के अनुसार, राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतों के लिए की गई निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन या सीटों के आवंटन की प्रक्रिया को किसी भी न्यायालय में चुनौती नहीं दी जा सकती।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**35.** भारत में **'न्यायिक पुनरावलोकन'** की अवधारणा और उसके विकास के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय संविधान का अनुच्छेद **13** न्यायपालिका को विधायी अधिनियमों और कार्यकारी आदेशों की समीक्षा करने की शक्ति प्रदान करता है, हालांकि **'न्यायिक पुनरावलोकन'** शब्द का उल्लेख संविधान में कहीं भी नहीं किया गया है।
2. **'आई.आर. कोएल्हो'** मामले के ऐतिहासिक निर्णय के अनुसार, **24** अप्रैल **1973** के बाद नौवीं अनुसूची में शामिल किए गए किसी भी कानून की न्यायिक समीक्षा इस आधार पर की जा सकती है कि वह संविधान के **'बुनियादी ढांचे'** का उल्लंघन करता है।
3. भारत में न्यायिक पुनरावलोकन का दायरा अमेरिका की तुलना में अधिक विस्तृत है, क्योंकि भारतीय संविधान **'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया'** के बजाय **'विधि की उचित प्रक्रिया'** के सिद्धांत पर आधारित है।
4. **'मिनर्वा मिल्स'** मामले के अनुसार, न्यायिक पुनरावलोकन की शक्ति संविधान का एक **'आधारभूत लक्षण'** है, जिसे अनुच्छेद **368** के तहत संसद अपनी संशोधन शक्ति का उपयोग करके भी सीमित या समाप्त नहीं कर सकती।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**36.** With reference to the Preamble of the Indian Constitution, consider the following statements:

1. In the Kesavananda Bharati case, the Supreme Court held that the Preamble is an integral part of the Constitution, and it can be used to interpret any ambiguous provision of the Constitution.
2. The amending power of Parliament under Article **368** also extends to the Preamble, provided that the basic elements inherent in its basic structure are not destroyed.
3. The ideals of Liberty, Equality and Fraternity mentioned in the Preamble were borrowed from the American Revolution, whereas the ideal of Justice **(social, economic and political)** was inspired by the Russian Revolution.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**36.** भारतीय संविधान की प्रस्तावना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. **'केशवानंद भारती'** मामले में उच्चतम न्यायालय ने व्यवस्था दी कि प्रस्तावना संविधान का एक अभिन्न अंग है, और इसके आधार पर संविधान के किसी भी अस्पष्ट अनुच्छेद की व्याख्या की जा सकती है।
2. अनुच्छेद **368** के तहत संसद की संशोधन शक्ति प्रस्तावना पर भी लागू होती है, बशर्ते कि इसके **'मूल ढांचे'** में निहित बुनियादी तत्वों को नष्ट न किया जाए।
3. प्रस्तावना में वर्णित **'स्वतंत्रता, समता और बंधुत्व'** के आदर्श अमेरिकी क्रांति से लिए गए हैं, जबकि **'न्याय' (सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक)** का आदर्श रूसी क्रांति से प्रेरित है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**37.** With reference to the Fundamental Duties mentioned in Article 51A of the Indian Constitution, consider the following statements:

1. Fundamental Duties are non-justiciable in nature, which means that courts cannot directly punish a person for their violation; however, Parliament is completely free to enact laws for the implementation of any Fundamental Duty.
2. Fundamental Duties are mandatory only for the citizens of India and do not apply to foreigners, whereas several Fundamental Rights are available equally to both citizens and foreigners.
3. The Verma Committee **(1999)** concluded that several Fundamental Duties are already protected by various legal provisions, such as the Prevention of Insults to National Honour Act and the Protection of Civil Rights Act.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**37.** भारतीय संविधान के अनुच्छेद 51A में वर्णित **'मूल कर्तव्यों'** के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मूल कर्तव्य प्रकृति में **'अ-न्यायसंगत'** हैं, जिसका अर्थ है कि उनके उल्लंघन पर न्यायालय सीधे दंड नहीं दे सकता, परंतु संसद किसी भी मूल कर्तव्य के क्रियान्वयन हेतु कानूनी प्रावधान करने के लिए पूर्णतः स्वतंत्र है।
2. मूल कर्तव्य केवल भारत के नागरिकों के लिए अनिवार्य हैं और ये विदेशियों पर लागू नहीं होते, जबकि कई मूल अधिकार नागरिकों और विदेशियों दोनों को समान रूप से प्राप्त हैं।
3. वर्मा समिति **(1999)** ने यह निष्कर्ष निकाला था कि कई मूल कर्तव्य पहले से ही विभिन्न कानूनी प्रावधानों द्वारा संरक्षित हैं, जैसे **'राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम'** और **'नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम'**।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**38.** With reference to the National Commissions for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes, consider the following statements:

1. The original Constitution did not provide separate commissions for these three categories; under Article **338**, there was only a provision for the appointment of a Special Officer, which was later transformed into independent constitutional bodies through various amendments.
2. All these three commissions possess the powers of a civil court while investigating any matter, including the power to summon persons and receive evidence on affidavit, but they do not have the authority to punish or sentence any person.
3. It is mandatory for the Central and State Governments to consult the concerned national commission on any major policy matter relating to these categories.
4. The **105**th Constitutional Amendment clarified that the National Commission for Backward Classes no longer has the authority to regulate the power of states to prepare their own State OBC Lists.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**39.** With reference to the origin of ocean currents and their impacts, consider the following statements:

1. Ocean currents are deflected to the right of their original direction in the Northern Hemisphere and to the left in the Southern Hemisphere, but due to the absence of the Coriolis force at the Equator, currents move in a completely straight line there.
2. Water with higher salinity is heavier than water with lower salinity, so it sinks downward, generating vertical currents, which form the basis of global thermohaline circulation.
3. When trade winds move surface water away from the western coasts of continents, the colder and nutrient-rich water from below rises upward, resulting in the development of high fishing grounds in those regions.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**38.** राष्ट्रीय अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और पिछड़ा वर्ग आयोग के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मूल संविधान में इन तीनों श्रेणियों के लिए अलग-अलग आयोगों का प्रावधान नहीं था; अनुच्छेद **338** के तहत केवल एक विशेष अधिकारी की नियुक्ति का प्रावधान था, जिसे बाद में विभिन्न संशोधनों के माध्यम से स्वतंत्र संवैधानिक निकायों में बदला गया।
2. इन तीनों आयोगों के पास किसी मामले की जांच करते समय **'दीवानी न्यायालय'** की शक्तियाँ होती हैं, जिसमें समन जारी करना और शपथ पत्र पर साक्ष्य प्राप्त करना शामिल है, परंतु इनके पास किसी व्यक्ति को दंडित करने या सजा सुनाने का अधिकार नहीं है।
3. केंद्र और राज्य सरकारों के लिए यह अनिवार्य है कि वे इन श्रेणियों से संबंधित किसी भी प्रमुख नीतिगत मामले पर संबंधित राष्ट्रीय आयोग से परामर्श करें।
4. **105**वां संविधान संशोधन ने स्पष्ट किया है कि राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के पास अब राज्यों की अपनी **'राज्य ओबीसी सूची'** तैयार करने की शक्ति को विनियमित करने का अधिकार नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**39.** महासागरीय धाराओं की उत्पत्ति और उनके प्रभावों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. महासागरीय धाराएँ उत्तरी गोलार्ध में अपनी मूल दिशा से दाईं ओर और दक्षिणी गोलार्ध में बाईं ओर विक्षेपित होती हैं, परंतु भूमध्य रेखा पर कोरिओलिस बल की अनुपस्थिति के कारण धाराएँ पूर्णतः सीधी रेखा में चलती हैं।
2. अधिक लवणता वाला जल कम लवणता वाले जल की तुलना में भारी होने के कारण नीचे बैठता है, जिससे **'ऊर्ध्वाधर धाराएं'** उत्पन्न होती हैं, जो वैश्विक **'थर्मोहलाइन परिसंचरण'** का आधार हैं।
3. महाद्वीपों के पश्चिमी तटों पर जब व्यापारिक पवनें सतही जल को तट से दूर ले जाती हैं, तो नीचे का ठंडा और पोषक तत्वों से भरपूर जल ऊपर आता है, जिससे वहां उच्च मत्स्यन क्षेत्र विकसित होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**40.** With reference to the conditions necessary for the development of coral reefs and their types, consider the following statements:

**1.** An average annual temperature of **20**°C–**21**°C is ideal for coral reef growth, and due to the requirement of sunlight for photosynthesis, they are not found at depths greater than **200–300** meters.

**2.** When the sea temperature rises abnormally, corals expel the symbiotic algae zooxanthellae living in their tissues, causing them to turn white and eventually die.

**3.** The Great Barrier Reef, the largest coral reef in the world, is an example of a barrier reef located along the north-eastern coast of Australia.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**40.** प्रवाल भित्तियों के विकास के लिए आवश्यक दशाओं और उनके प्रकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**1.** प्रवाल भित्तियों के पनपने के लिए **20**°C से **21**°C का औसत वार्षिक तापमान आदर्श है, और वे प्रकाश संश्लेषण हेतु सूर्य के प्रकाश की आवश्यकता के कारण **200-300** मीटर से अधिक गहराई पर नहीं पाई जातीं।

**2.** जब समुद्र का तापमान असामान्य रूप से बढ़ता है, तो प्रवाल अपने ऊतकों में रहने वाले सहजीवी शैवाल **'ज़ूज़ैन्थेली'** को बाहर निकाल देते हैं, जिससे वे सफेद हो जाते हैं और अंततः मर सकते हैं।

**3.** ग्रेट बैरियर रीफ विश्व की सबसे बड़ी प्रवाल भित्ति है जो ऑस्ट्रेलिया के उत्तर-पूर्वी तट पर स्थित एक **'अवरोधक प्रवाल भित्ति'** का उदाहरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**41.** With reference to the origin of tides and their types, consider the following statements:

**1.** Spring tides occur when the Sun, Moon, and Earth are aligned in a straight line, which happens only on the days of Full Moon and New Moon.

**2.** Neap tides occur on the eighth day of the waxing and waning phases of the Moon, when the Sun and Moon are at right angles to each other, reducing the effect of their gravitational forces.

**3.** There are two tidal bulges on Earth at any given time—one facing the Moon due to gravitational attraction and the other on the opposite side of the Earth due to centrifugal force.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**41.** ज्वार-भाटा की उत्पत्ति और उनके प्रकारों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**1.** वृहत ज्वार तब आता है जब सूर्य, चंद्रमा और पृथ्वी एक सीधी रेखा में होते हैं, और ऐसा केवल पूर्णिमा और अमावस्या के दिन ही संभव होता है।

**2.** लघु ज्वार शुक्ल पक्ष और कृष्ण पक्ष की अष्टमी को सूर्य और चंद्रमा एक-दूसरे के समकोण पर होते हैं, जिससे उनके गुरुत्वाकर्षण बल एक-दूसरे के प्रभाव को कम कर देते हैं।

**3.** ज्वारीय उभार पृथ्वी पर एक समय में दो ज्वारीय उभार होते हैं एक चंद्रमा के सामने गुरुत्वाकर्षण के कारण और दूसरा पृथ्वी के विपरीत दिशा में **'अपकेंद्री बल'** के कारण।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**42.** With reference to the Indian Ocean Dipole **(IOD)** and its impact on the Indian Monsoon, consider the following statements:

**1.** In a positive IOD phase, the western Indian Ocean **(near the African coast)** becomes warmer than normal while the eastern part **(near Indonesia)** becomes cooler, which is considered beneficial for the Indian monsoon.

**2.** A negative IOD phase leads to heavy rainfall in Australia and Indonesia, but may reduce monsoon rainfall in India.

**3.** The influence of the IOD is completely independent of El Niño, and it can never mitigate the negative effects of El Niño.

How many of the above statements are correct?

**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**42.** हिंद महासागर द्विध्रुव **(IOD)** और भारतीय मानसून पर इसके प्रभाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

**1.** धनात्मक IOD की स्थिति में हिंद महासागर का पश्चिमी भाग **(अफ्रीकी तट)** सामान्य से अधिक गर्म होता है और पूर्वी भाग **(इंडोनेशिया के पास)** ठंडा होता है, जो भारतीय मानसून के लिए लाभकारी माना जाता है।

**2.** नकारात्मक IOD की स्थिति ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया में भारी वर्षा का कारण बनती है, लेकिन भारत में मानसूनी वर्षा को कम कर सकती है।

**3.** IOD का प्रभाव एल-नीनो के प्रभाव से पूरी तरह स्वतंत्र होता है और यह कभी भी एल-नीनो के नकारात्मक प्रभाव को कम नहीं कर सकता।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?

**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**43.** With reference to the origin and mechanism of the Indian Monsoon, consider the following statements:

1. During summer, the Inter-Tropical Convergence Zone **(ITCZ)** shifts northwards up to the Gangetic plains, which is known as the Monsoon Trough, and it attracts the south-eastern trade winds.
2. The Tibetan Plateau, during summer, becomes intensely heated and acts as a high-pressure centre, causing winds to descend and flow toward the Indian subcontinent.
3. The strong Somali Jet Stream, which originates near Madagascar, intensifies the transport of moisture toward the Indian coast and helps trigger the burst of the monsoon.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**44.** With reference to the characteristics of jet streams and their influence on the weather of India, consider the following statements:

1. During winter, the Subtropical Westerly Jet Stream splits into two branches due to the Himalayas, and its southern branch is responsible for bringing Western Disturbances to India.
2. The Tropical Easterly Jet Stream is a temporary jet stream that develops only in summer, and its presence over the Indian mainland is the main cause of breaks in the monsoon.
3. Changes in the position of jet streams are directly related to the El Niño–Southern Oscillation **(ENSO)**, which reorganizes global atmospheric pressure cells.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**45.** With reference to the pressure belts of the Earth, consider the following statements:

1. The Equatorial Low-Pressure Belt and Polar High-Pressure Belt are thermally induced, whereas the Subtropical High-Pressure and Subpolar Low-Pressure Belts are dynamically induced.
2. In the Subtropical High-Pressure Belts located between **30°** and **35°** latitudes, vertical subsidence of air results in very weak horizontal winds at the surface, creating anticyclonic conditions.
3. Due to the northward and southward movement of the Sun, pressure belts shift, which increases the influence of westerlies during winter in Mediterranean climatic regions.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**43.** भारतीय मानसून की उत्पत्ति और उसके तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ग्रीष्म ऋतु में अंतः उष्णकटिबंधीय अभिसरण क्षेत्र **(ITCZ)** उत्तर की ओर खिसककर गंगा के मैदानों तक पहुँच जाता है, जिसे **'मानसून गर्त'** कहा जाता है, जो दक्षिण-पूर्वी व्यापारिक पवनों को आकर्षित करता है।
2. तिब्बत का पठार ग्रीष्मकाल में अत्यधिक गर्म होकर एक **'उच्च वायुदाब'** केंद्र के रूप में कार्य करता है, जिससे हवाएँ नीचे बैठती हैं और भारतीय उपमहाद्वीप की ओर प्रवाहित होती हैं।
3. मेडागास्कर के पास उत्पन्न होने वाली तीव्र समुद्री पवन धारा सोमाली जेट स्ट्रीम भारतीय तट की ओर नमी के परिवहन को तीव्र करती है और मानसून के फटने में सहायक होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**44.** जेट स्ट्रीम की विशेषताओं और भारत के मौसम पर उनके प्रभाव के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. शीत ऋतु में उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम हिमालय द्वारा दो शाखाओं में विभाजित हो जाती है, जिसकी दक्षिणी शाखा भारत में **'पश्चिमी विक्षोभ'** लाने के लिए उत्तरदायी है।
2. उष्णकटिबंधीय पूर्वी जेट स्ट्रीम एक अस्थायी जेट स्ट्रीम है जो केवल ग्रीष्मकाल में विकसित होती है और इसका भारतीय मुख्य भूमि पर बैठना मानसून के **'विराम'** का मुख्य कारण बनता है।
3. जेट स्ट्रीम की स्थिति में बदलाव का सीधा संबंध **'अल-नीनो दक्षिणी दोलन' (ENSO)** से है, जो वैश्विक स्तर पर वायुदाब की कोशिकाओं को पुनर्गठित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**45.** पृथ्वी की वायुदाब पेटियों के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भूमध्यरेखीय निम्न दाब पेटी और ध्रुवीय उच्च दाब पेटी **'तापीय प्रेरित'** हैं, जबकि उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब और उपध्रुवीय निम्न दाब पेटियाँ **'गतिक रूप से प्रेरित'** हैं।
2. **30°** से **35°** अक्षांशों के बीच स्थित उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब पेटियों में हवाओं के ऊर्ध्वाधर अवतलन के कारण धरातल पर क्षैतिज पवनें अत्यंत मंद होती हैं, जिससे यहाँ प्रति-चक्रवातीय दशाएं बनती हैं।
3. सूर्य के उत्तरायण और दक्षिणायन होने के कारण वायुदाब पेटियाँ खिसकती हैं, जिससे भूमध्यसागरीय जलवायु प्रदेशों में शीत ऋतु में पछुआ पवनों का प्रभाव बढ़ जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**46.** With reference to planetary winds and their characteristics, consider the following statements:

1. Trade winds blow from the Subtropical High-Pressure Belt toward the Equatorial Low-Pressure Belt, and due to the Coriolis force, their direction in the Northern Hemisphere is from northeast to southwest.
2. Westerlies are stronger and more regular in the Southern Hemisphere than in the Northern Hemisphere because the presence of vast oceans reduces friction.
3. Near the ITCZ, trade winds converge and rise upward, resulting in only horizontal winds flowing and convectional rainfall being almost absent.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** All three
**(D)** None

**47.** With reference to the rivers of Northeast India and the Brahmaputra river system, consider the following statements:

1. The Brahmaputra River, flowing as the Tsangpo in Tibet, takes a sharp U-turn near Namcha Barwa at the eastern end of the Himalayas, forming a deep gorge created by the antecedent drainage of the Greater Himalayas.
2. The Lohit and Dibang rivers are major right-bank tributaries of the Brahmaputra, while the Subansiri and Manas rivers join it from the left bank.
3. The Barak River, originating in the hills of Manipur, splits into two branches named Surma and Kushiyara after entering Bangladesh and ultimately flows into the Bay of Bengal as the Meghna.
4. Due to its high sediment load, the Brahmaputra forms a braided channel in the Assam Valley, which has led to the formation of the world's largest river island, Majuli.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**48.** Consider the following pairs recently in the news:

| Sanctuary/National Park | | State |
|---|---|---|
| 1. Kuno National Park | — | Madhya Pradesh |
| 2. Banni Grasslands | — | Gujarat |
| 3. Valmiki Tiger Reserve | — | Bihar |
| 4. Simlipal Biosphere Reserve | — | Odisha |
| 5. Eravikulam National Park | — | Kerala |

How many of the above pairs are correctly matched?
**(A)** Only two pairs
**(B)** Only three pairs
**(C)** Only four pairs
**(D)** All five pairs

**46.** भूमंडलिय पवनों और उनकी विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. व्यापारिक पवनें उपोष्णकटिबंधीय उच्च दाब पेटी से भूमध्यरेखीय निम्न दाब पेटी की ओर बहती हैं और कोरिओलिस बल के कारण उत्तरी गोलार्ध में इनकी दिशा **'उत्तर-पूर्व से दक्षिण-पश्चिम'** की ओर होती है।
2. पछुआ पवनें उत्तरी गोलार्ध की तुलना में दक्षिणी गोलार्ध में अधिक शक्तिशाली और नियमित होती हैं, क्योंकि वहाँ विशाल जलमंडल की उपस्थिति के कारण घर्षण न्यूनतम होता है।
3. ITCZ के पास स्थित इस क्षेत्र में व्यापारिक पवनें आपस में टकराकर ऊपर उठती हैं, जिससे केवल क्षैतिज पवनें प्रवाहित होती हैं और संवहनीय वर्षा लगभग अनुपस्थित होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** सभी तीन
**(D)** कोई भी नहीं

**47.** उत्तर-पूर्वी भारत की नदियों और ब्रह्मपुत्र नदी तंत्र के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ब्रह्मपुत्र नदी तिब्बत में **'सांगपो'** के रूप में बहते हुए हिमालय के पूर्वी छोर पर **'नमचा बरवा'** के पास एक तीव्र **'यू-टर्न'** लेती है, जो कि वृहद हिमालय के **'अक्षसंघीय विक्षेप'** के कारण निर्मित एक गहरी महाखड्ड है।
2. लोहित और दिबांग नदियाँ ब्रह्मपुत्र में उसके दाहिने तट से मिलने वाली प्रमुख सहायक नदियाँ हैं, जबकि सुबनसिरी और मानस नदियाँ इसके बाएं तट से आकर मिलती हैं।
3. मणिपुर की पहाड़ियों से निकलने वाली बराक नदी, बांग्लादेश में प्रवेश करने के पश्चात **'सुरमा'** और **'कुशियारा'** नामक शाखाओं में विभाजित हो जाती है और अंततः **'मेघना'** के रूप में बंगाल की खाड़ी में गिरती है।
4. ब्रह्मपुत्र नदी अपनी अत्यधिक गाद वहन क्षमता के कारण असम घाटी में एक **'गुंफित जलमार्ग'** बनाती है, जिसके परिणामस्वरूप विश्व के सबसे बड़े नदी द्वीप **'माजुली'** का निर्माण हुआ है।

उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?
**(A)** केवल एक
**(B)** केवल दो
**(C)** केवल तीन
**(D)** सभी चार

**48.** हाल ही में चर्चा में रहे निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| अभयारण्य/राष्ट्रीय उद्यान | | राज्य |
|---|---|---|
| 1. कूनो राष्ट्रीय उद्यान | — | मध्य प्रदेश |
| 2. बन्नी घास के मैदान | — | गुजरात |
| 3. वाल्मीकि टाइगर रिजर्व | — | बिहार |
| 4. सिमलीपाल बायोस्फीयर रिजर्व | — | ओडिशा |
| 5. इराविकुलम राष्ट्रीय उद्यान | — | केरल |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?
**(A)** केवल दो युग्म
**(B)** केवल तीन युग्म
**(C)** केवल चार युग्म
**(D)** सभी पाँच युग्म

**49.** With reference to the various grasslands of the world and their distinct characteristics, consider the following pairs:

| Grassland | Geographical Feature / Location |
|---|---|
| 1. Savanna | Known as the "Parkland landscape" and the "land of big game animals." |
| 2. Steppe | Located in central Eurasia, characterized by large treeless plains with extreme temperature variations. |
| 3. Llanos | Grasslands found in the Orinoco River Basin of Venezuela and Colombia. |
| 4. Pampas | Fertile plains of Argentina, famous for alfalfa grass and cattle ranching. |

How many of the above pairs are correctly matched?
**(A)** Only one pair
**(B)** Only two pairs
**(C)** Only three pairs
**(D)** All four pairs

**50.** With reference to the geographical location and strategic importance of the Strait of Hormuz, consider the following statements:

1. The Strait of Hormuz lies between the coast of Iran in the north and the Musandam Peninsula of Oman and the United Arab Emirates **(UAE)** in the south.
2. This narrow waterway connects the Persian Gulf to the Gulf of Oman, and through it to the Arabian Sea and the Indian Ocean.
3. The narrowest width of this strait is about **33** km, but the safe shipping lanes for vessels are only about **3** km wide, which lie entirely within the territorial waters of Oman.
4. Globally, about **20**% of the total crude oil traded and one-third of the world's liquefied natural gas **(LNG)** passes through this route.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** All four

**51.** With reference to the statutory framework of the **'Air (Prevention and Control of Pollution) Act, 1981'** and its enforcement, consider the following statements:

1. The Act not only controls emissions from factories and industrial plants, but it also includes explicit statutory provisions to regulate air pollution caused by automobiles, ships and aircraft.
2. The Air Act does not provide for the establishment of separate Central and State Boards; it uses the already existing boards constituted under the **'Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974'**.
3. Under Section **19**, the State Government has the complete discretionary power to declare any area as an **'Air Pollution Control Area'** even without consulting the State Board.
4. Under the Act, it is mandatory to obtain **'consent'** before establishing any industrial plant, and if the Board does not take a decision on the application within **4** months, it is considered as **'deemed consent'**.

How many of the above statements are correct?
**(A)** Only one
**(B)** Only two
**(C)** Only three
**(D)** None

**49.** विश्व के विभिन्न घास के मैदानों और उनकी विशिष्ट विशेषताओं के संदर्भ में निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| घास के मैदान | भौगोलिक विशेषता / अवस्थिति |
|---|---|
| 1. सवाना | इसे 'पार्कलैंड' भू-दृश्य और 'बड़े शिकारों की भूमि' के रूप में जाना जाता है। |
| 2. स्टेपी | यूरेशिया के मध्य में स्थित, जहाँ अत्यधिक तापांतर और वृक्षविहीन विस्तृत मैदान पाए जाते हैं। |
| 3. लानोस | वेनेजुएला और कोलंबिया के ओरिनोको नदी बेसिन में पाए जाने वाले घास के मैदान। |
| 4. पंपास | अर्जेंटीना के उपजाऊ मैदान, जो 'अल्फा-अल्फा' घास और पशुपालन के लिए प्रसिद्ध हैं। |

उपर्युक्त युग्मों में से कितने सही सुमेलित हैं?
**(A)** केवल एक युग्म
**(B)** केवल दो युग्म
**(C)** केवल तीन युग्म
**(D)** सभी चार युग्म

**50.** होर्मुज जलसंधि की भौगोलिक स्थिति और इसके रणनीतिक महत्व के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. होर्मुज जलसंधि उत्तर में ईरान के तट और दक्षिण में ओमान के **'मुसन्दम प्रायद्वीप'** तथा संयुक्त अरब अमीरात **(UAE)** के मध्य स्थित है।
2. यह संकीर्ण जलमार्ग फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी के माध्यम से अरब सागर और हिंद महासागर से जोड़ता है।
